अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 191 लखनऊ, सोमवार, 26 जनवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## सूचना

गणतंत्र दिवस पर **राष्ट्रीय प्रस्तावना कार्यालय** में 26 जनवरी 2026 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

संपादक

## संक्षिप्त

### गणतंत्र दिवस पर आज यूपी के 90 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

लखनऊ। गणतंत्र दिवस 2026 के मौके पर उत्तर प्रदेश के 18 पुलिस कर्मियों को वीरता पदक, 4 को उत्कृष्ट और 68 को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार यूपी से कुल 90 पुलिसकर्मियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। वीरता पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर सौरभ मिश्रा, हेड कांस्टेबल कविंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमीत, हेड कांस्टेबल बैजनाथ राम, मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश, उप पुलिस अधीक्षक धर्मेश कुमार शाही, इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह, सब-इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश कुमार उपाध्याय, सब-इंस्पेक्टर जर्रार हुसैन, सुनील सिंह तथा कांस्टेबल कुनाल मलिक शामिल हैं।

### लोकतंत्र की शक्ति संख्या में नहीं, भावना की गहराई में : राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी-2026) पर देशभर के मतदाताओं को शुभकामनाएं दीं और विशेष रूप से युवा तथा महिला मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मतदाताओं की संख्या 95 करोड़ से अधिक है। हमारे लोकतन्त्र की शक्ति केवल संख्या की विशालता में नहीं है बल्कि लोकतान्त्रिक भावना की गहराई में भी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को यहां जोरावर स्टेडियम मानेक शाह सेंटर में आयोजित एनवीडी-2026 में कार्यक्रम में कहा कि मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने वाले सभी युवा मतदाताओं को यह अमूल्य अधिकार विश्व के सबसे बड़े और जीवंत लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का अवसर देता है।

# युवा ऊर्ज़ा के प्रतीक हैं नितिन नबीन : योगी

- मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संग वृंदावन में सुनी 'मन की बात'
- मुख्यमंत्री ने ब्रज की धरा पर नवनिर्वाचित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन संग प्रधानमंत्री के 'मन की बात' सुनी। वृंदावन के अक्षयपात्र में आयोजित कार्यक्रम में दोनों नेता सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने पहली बार यूपी के दौरे पर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष का ब्रज की धरा पर स्वागत-अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने राधे-राधे, वृंदावन बिहारी लाल, राधा रानी, यमुना मैया, हर-हर महादेव, जय श्रीराम, भारत माता की जय तथा वंदे मातरम की गूंज के साथ आध्यात्मिक व राष्ट्रवादी चेतना का संचार करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन युवा ऊर्ज़ा के प्रतीक हैं। बिहार विधानसभा में पांचवीं बार विधायक के रूप में सेवाए दे रहे हैं। संगठन के विभिन्न पदों का निर्वहन करने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नया दायित्व दिया है। इस दायित्व के पश्चात योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन धरा पर उनका प्रथम आगमन आह्लादकारी क्षण है।

तीर्थ भूमि है ब्रज, आज भी विरासत का अंश ढूंढते हैं श्रद्धालु सीएम योगी ने कहा कि ब्रज प्राचीन काल से तीर्थ भूमि रही है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव तीर्थ हजारों वर्षों से सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणा हैं। यहां के रज-रज, कण-कण में श्रीकृष्ण, राधा रानी और हजारों वर्षों की विरासत का अंश श्रद्धालु आज भी ढूंढते हैं। उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं। अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पावन जन्मभूमि भी मथुरा में पड़ती है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ब्रज भूमि भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत के साथ ही विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए बढ़ रही है।

यूपी अब 'बीमारू' नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का संबल बन रहा मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी अब 'बीमारू' नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रू बनकर संबल बन रहा है। पांच साल से अधिक समय से यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में है। डबल इंजन सरकार डबल स्पीड के साथ बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को धरातल पर उतारती है। हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराती है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ बिना भेदभाव वंचित, नौजवान, किसान, महिलाओं समेत हर तबके को वरीयता के आधार पर शासन की योजना का लाभ दे रही है। डबल इंजन सरकार के माध्यम से यूपी में विकास की योजनाओं को बिना भेदभाव गांव से शहर तक, प्रत्येक जगह प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य देखने को मिल रहा है।

अब पहचान के लिए मोहताज नहीं है यूपी का नौजवान मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी का नौजवान अब पहचान के लिए मोहताज नहीं है।

# भारतीय संस्कृति दुनिया भर में पहचान बना रही : प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में भारत की परिवार व्यवस्था और परंपरा के महत्व को रेखांकित किया

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भारत की परिवार व्यवस्था और परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में इसे कोतुहल के साथ देखा जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज की ताकत मिलने से हम बड़ी-बड़ी चुनौतियों को परास्त कर सकते हैं। 'मन की बात' के 130वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने परिवार व्यवस्था को बढ़ाने को लेकर यूएई में हो रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने हाल ही में अपनी भारत यात्रा में उन्हें बताया कि वे अगला वर्ष परिवार के वर्ष के तौर पर मना रहे हैं। इसका मकसद है कि वहां के लोगों के बीच सौहार्द और सामूहिक भावना मजबूत हो । उन्होंने इस संदर्भ में गुजरात के चंदनकी गांव की सामुदायिक रसोई परंपरा का उल्लेख किया और इसे पारिवारिक और सामाजिक एकता का उदाहरण बताया।

# धर्मेन्द्र और अच्युतानंदन को पद्म विभूषण शिबू सोरेन और कोश्यारी को पद्म भूषण




एजेंसी

- रोहित शर्मा और हरमनप्रीत को पद्म श्री, 31 हस्तियों को मिलेगा सम्मान

नई दिल्ली। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन को मरणोपरांत देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के. टी. थॉमस, विश्वविख्यात वायलिन वादक एन. राजम और प्रख्यात साहित्यकार और शिक्षाविद पी. नारायणन को भी इसी सम्मान के लिए चुना गया है। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों की गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषणा कर दी गई।

वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रपति ने कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी है। इसमें दो पुरस्कार युगल दिए गए हैं। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। सम्मानित व्यक्तियों में 19 महिलाएं हैं। सूची में विदेशी, एनआरआई, पीआईओ और ओसीआई श्रेणी के छह व्यक्ति तथा 16 को मरणोपरांत यह सम्मान दिया गया है। पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा मार्च-अप्रैल में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोहों में प्रदान किए जाएंगे। प्रसिद्ध गायिका अलका याज्ञनिक, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मलयालम फिल्मों के अभिनेता ममूटी, विज्ञापन गुरु के नाम से प्रसिद्ध पीयूष पांडे (मरणोपरांत), झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन (मरणोपरांत), कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक, भाजपा वरिष्ठ नेता वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत) को देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण के लिए चयनित किया गया है। क्रिकेटर रोहित शर्मा, हॉकी गोलकीपर सविता पुनिया, उद्योगपति अशोक खरे, साहित्यकार अशोक कुमार हलदर, क्रिकेटर (महिला) हरमनप्रीत कौर को पद्मश्री के लिए चुना गया है।

# लालू यादव ने सौंपी तेजस्वी यादव को आरजेडी की कमान

## रोहिणी आचार्य ने कसा तंज


एजेंसी



पटना। बिहार की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने तेजस्वी यादव को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की औपचारिक घोषणा कर दी है। इस फैसले को पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने और आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। बजट सत्र से ठीक पहले लिया गया यह निर्णय सियासी दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

तेजस्वी यादव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही राजद ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि पार्टी अब युवा नेतृत्व को केंद्र में रखकर आगे बढ़ेगी। तेजस्वी यादव पहले से ही राजद के सबसे बड़े और लोकप्रिय चेहरों में शामिल हैं। अब संगठन की सीधी जिम्मेदारी मिलने से पार्टी में उनका कद और प्रभाव दोनों और मजबूत हो गया है। राजद नेताओं का कहना है कि यह फैसला पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में तेजस्वी यादव संगठन विस्तार, राजनीतिक रणनीति तय करने और चुनावी तैयारियों की कमान संभालेंगे।

पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में राजद अधिक आक्रामक, संगठित और प्रभावशाली भूमिका में नजर आएगी। राजद के इस फैसले पर वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का सीधा असर आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों पर पड़ सकता है। उनके अनुसार, अब राजद पूरी तरह एग्रेसिव मोड में दिखाई देगी और यह नियुक्ति पार्टी की भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि अब सबकी नजर इस बात पर होगी कि तेजस्वी यादव नई जिम्मेदारी के साथ संगठन को किस तरह मजबूत करते हैं और इसका चुनावी परिणामों पर क्या प्रभाव पड़ता है। इस बीच तेजस्वी यादव के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने लिखा,ल्लसियासत के शिखर-पुरुष की गौरवशाली पारी का एक तरह से पटाक्षेप, ठकुरसुहाती करने वालों और 'गिरोह-ए-घुसपैठ' को उनके हाथों की 'कठपुतली बने शहजादा' की ताजपोशी मुबारक।



# किशोर को भगा ले गई युवती, परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नटवर्क

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने एक युवती पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोर और युवती की तलाश शुरू कर दी है। बंथरा थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा 22 जनवरी को अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में खोजबीन के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि सरोजनी नगर के चिल्लावां निवासी एक युवती उसे बहाने से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई है। परिजनों का आरोप है कि किशोर और युवती इस समय दिल्ली में रह रहे हैं। पीड़ित पिता की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद से लापता किशोर और आरोपी युवती का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की बैठक में फार्मेसिस्टों ने अपनी समस्याएं बताईं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेवर्क

लखनऊ। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उ.प्र. लखनऊ की आम बैठक आज विज्ञान भवन सभागार बलरामपुर चिकित्सालय परिसर में आहूत की गई। बैठक में जनपद लखनऊ के फार्मेसिस्टों एवं चीफ फार्मेसिस्टों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिसमें फार्मेसिस्ट संवर्ग के हितों एवं उनकी तैनात स्थानों पर आने वाली कठिनाईयों एवं उन कठिनाईयों के स्थाई निराकरण जैसे संवेदनशील विषयों पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया। बैठक में निम्न विषयों मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के अधीन विभिन्न चिकित्सालयों में कार्यरत सदस्यों ने अवगत कराया कि संबंधित चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक अथवा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी फार्मेसिस्ट संवर्ग पर लेखा परीक्षण के नाम अनावश्यक दबाव बना कर धन उगाहने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं,जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के अधीन विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत फार्मेसिस्ट संवर्ग के सदस्यों ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश औषधि वितरण, निगम, नादरगंज लखनऊ से औषधियों एवं अन्य आवश्यक चिकित्सीय वस्तुओं को जनपद की प्रत्येक चिकित्सा इकाईयों तक पहुंचाने की कोई भी व्यवस्था नहीं है इस कारण से संबंधित फार्मेसिस्ट को अपने स्वयं के निजी व्यय पर औषधियों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी पड़ती है, जब कि नियामानुसार औषधि आपूर्ति निगम से प्रत्येक चिकित्सा इकाई तक औषधियों की आपूर्ति सुविधा सुनिश्चित किये जाने का दायित्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ महोदय का है। जनपद-लखनऊ के विभिन्न चिकित्सालयों में फार्मेसिस्ट संवर्ग कार्मिकों की संख्या स्वीकृत नियतन से कम होने पर पर सदस्यों द्वारा भी गम्भीर चिन्ता व्यक्त की गई, फार्मेसिस्ट संवर्ग के कार्मिकों की संख्या स्वीकृत नियतन से कम होने पर तैनात फार्मेसिस्ट पर अनावश्यक कार्य का अत्यधिक दबाव बना रहता है एवं अवकाश आदि स्वीकृत कराने में भी व्यावहारिक कठिनाईयों के साथ पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू कराने जैसे विषय पर भी गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा-जनपद-लखनऊ के अध्यक्ष अरुण अवस्थी एवं मंत्री कपिल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे साथियों से किसी के द्वारा अनुचित धन उगाहने का कुत्सित प्रयास का विरोध किया जाएगा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ के स्तर से होने वाली समस्याओं के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ से भेंट कर संगठन की आपत्तियों एवं कठिनाईयों को अवगत कराया जाएगा।

कपिल वर्मा ने बताया कि जनपद-लखनऊ के 174 सदस्यों का पांच लाख रुपए का सामूहिक दुर्घटना बीमा वर्ष संघ के व्यय पर कराया गया है जो दिसंबर-2026 तक लागू है। बैठक में संघ के पूर्व महामंत्री श्रवण कुमार सचान , पूर्व कोषाध्यक्ष रजत यादव, अविनाश सिंह, पवन शर्मा, रंजीत कुमार गुप्ता, चन्द्रशेखर श्रीवास्तव , डी. एस.पाण्डेय, रजनीश पाण्डेय सहित तमाम सदस्य उपस्थित थे।

## एनबीआरआई की प्रदर्शनी के दूसरा दिन उमड़ी भारी भीड़

**लखनऊ।** रंगों और खुशबुओं से महक रहा एनबीआरआई परिसर रविवार को और अधिक गुलजार हो गया। गुलाब और ग्लैडियोलस प्रदर्शनी के दूसरे और अंतिम दिन केंद्रीय लॉन में जबरदस्त भीड़ उमड़ी। इस दौरान राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी, सीडीआरआई की निदेशिका डॉ.राधा रंगराजन और एनबीआरआई निदेशक डॉ.अजीत कुमार शासनी मौजूद रहे। प्रदर्शनी संयोजक डॉ. केजे सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताएं आठ वर्गों में आयोजित की गई। इनमें कट फ्लावर, स्पेसिमन ब्लूम्स, पुष्प सज्जा, गमले के पौधे और फोटोग्राफी जैसी श्रेणियां शामिल हैं। संस्थानों, नर्सरियों, व्यक्तिगत उत्पादकों, महिलाओं, मालियों और विद्यार्थियों सहित 73 प्रदर्शकों की ओर से 510 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। हाइब्रिड टी, मिनिएचर गुलाब और ग्लैडियोलस की विविध किस्में आकर्षित कर रही हैं। प्रदर्शनी में एनबीआरआई द्वारा विकसित हर्बल उत्पाद, सूक्ष्मजैविक तकनीकें, बोन्साई, कैक्टस और संकटग्रस्त पौधों से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित की गई है।

# पति और ससुराल वालों ने की बेटी की हत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेवर्क

लखनऊ। मलिहाबाद इलाके में 8 माह की गर्भवती महिला का शव फंदे पर लटकता मिला। उसके मायके वालों ने हत्या करके शव फंदे पर टांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चलेगा। घटना 24 जनवरी की शाम तिलस्वा गांव की है। मृतक महिला की पहचान निधि शर्मा (23) के रूप में हुई है। मायके वालों ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निधि की शादी 19 जनवरी 2025 को तिलस्वा गांव के निर्देश शर्मा से हुई थी। बहेलिया गांव निवासी निधि के पिता सुरेश शर्मा ने बताया कि शादी के बाद से ही पति निर्देश और ससुरालवाले दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। 24 जनवरी की शाम करीब 5 बजे उसके ससुराल वालों ने बताया कि निधि ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव घर में दूसरी मंजिल पर कमरे में फंदे पर लटकता मिला है। सुरेश ने बताया निधि 8 माह की गर्भवती थी। मायके में ही उसकी देखभाल की जा रही थी। 23 जनवरी को पति निर्देश उसे मायके से विदा कराकर लाया था। उनका आरोप है कि पति और ससुराल वाले हत्या करने के लिए निधि को मायके से लाए थे। पति और ससुराल वालों ने उसकी 24 जनवरी को हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पिता की तहरीर पर पति निर्देश शर्मा, जेठ संजय कुमार, जेठानी मोनी और जेठानी अंजली के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।


आप सभी क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोटवारा
विकासखंड कुंभी गोला
गोला गोकर्णनाथ जनपद
लखीमपुर खीरी





आप सभी क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामनरेश वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत ममरी
विकासखंड कुंभी गोला
गोला गोकर्णनाथ जनपद
लखीमपुर खीरी





गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

शुभम अग्निहोत्री
समाजसेवी
गोला गोकर्णनाथ
जनपद लखीमपुर खीरी





आप सभी क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






अनूप कुमार गुप्ता
प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद भाजपा उत्तर प्रदेश
जनपद लखीमपुर खीरी



गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

माँ गोमती शिक्षण संस्थान (M. G. Academy)
स्थापित वर्ष - 2012, राजकीय मान्यता प्राप्त
सभी क्षेत्रवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
* स्थान: निकट-भगत बाबा स्थान, अजान, जिला-खीरी ◦ ग.ए. से कक्षा 10 तक इंग्लिश मीडियम
छात्र/छात्राओं हेतु सुविधाएं:
* उत्तम भवन ◦ अनुभवी शिक्षक ◦ कमजोर छात्रों के लिए एक्ज़्ट्रा क्लास ◦ स्वच्छ वातावरण
कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त शिक्षा व्यवस्था
छात्रों को लाने व ले जाने की सुविधा
प्रधानाचार्य: दल सिंह प्रबंधक: अमित शुक्ला
मोबाइल नम्बर: 9452224491


सभी क्षेत्र वासियों 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वामी विवेकानंद अकादमी, ग्राम मझिगवां
कुम्भी गोला, खीरी में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है!
नर्सरी से कक्षा आठ तक अंग्रेजी माध्यम
सीबीएसई पैटर्न, अंग्रेजी माध्यम (NC से VIII तक)
Reg. LKH 08565/2025,26
विशेषताएं:
* अपना निजी भवन ◦ अनुभवी शिक्षक ◦ खेल-कूद एवं व्यायाम के लिए क्रीडांगन ◦ नवोदय एवं विद्याज्ञान के लिए उपयुक्त शिक्षण ◦ प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था ◦ वाहन की व्यवस्था ◦
Fluent English Speaking Course
प्रबंधन:
मैनेजर: मिसेज सुनीलम सिंह, 9250303500
प्रेसिडेंट: भानु प्रताप सिंह, 7518299790
प्रिंसिपल: श्री चंद्र शुक्ला, 8604107718
प्रवेश फॉर्म विद्यालय कार्य दिवस में प्रातः 08:00 से 1 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।



आप सभी क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश गिरी एडवोकेट
गोला देहात प्रधान
विकासखंड कुंभी गोला
ललित कुमार वर्मा
ग्राम विकास अधिकारी गोला देहात विकासखंड कुंभी गोला
गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी





आप सभी क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंकुश वर्मा
ग्राम ममरी थाना हैदराबाद
जनपद लखीमपुर खीरी





आप सभी क्षेत्र क्षेत्र वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आदर्श ग्रामीण बाल विद्या निकेतन
पूर्व माध्यमिक विद्यालय
ग्राम अज़ान ब्लाक कुम्भी गोला जिला लखीमपुर-खीरी
नर्सरी से कक्षा 5 तक इंगलिश मीडियम
कक्षा 6 से कक्षा 8 तक हिंदी मीडियम
तेजराम वर्मा — अध्यक्ष
प्रमोद कुमार वर्मा — प्रबंधक
कपिल कुमार वर्मा — प्रधानाचार्य



आप सभी क्षेत्र वासियों को 77 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक
कुलवंत सिंह जोशन
जिला अध्यक्ष
पंजाबी कालोनी गोला गोकर्णनाथ
जिला लखीमपुर-खीरी





आप सभी क्षेत्र वासियों को 77 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद
राष्ट्रीय बजरंग दल
राकेश कनौजिया
जिला अध्यक्ष
पंजाबी कालोनी गोला गोकर्णनाथ
जिला लखीमपुर-खीरी





आप सभी क्षेत्र वासियों को 77 वे गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद
राष्ट्रीयबजरंग दल
आकाश जायसवाल
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष
गोला गोकर्णनाथ
जिला लखीमपुर-खीरी








26 जनवरी, 2026 गणतन्त्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, जलालाबाद हार्दिक शुभकामनाओं सहित नागरिकों से निम्न अपील करती है :-

1. पालिका के करों का भुगतान समय से करें।
2. जल बहुमूल्य है, इसका दुरुपयोग न करें।
3. पालिका की भूमि पर अतिक्रमण न करें।
4. भवन / दुकान का निर्माण पालिका से मानचित्र स्वीकृत उपरान्त ही करायें।
5. पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
6. पालतू पशुओं को आवारा न घूमने दें।
7. कूड़ादान का उपयोग करें।
8. प्रकाश बिन्दु आपकी सुविधा के लिए स्थापित हैं। इन्हें क्षतिग्रस्त न करें।
9. पथ प्रकाश हेतु पालिका के जनरेटर द्वारा संचालित केबिल में कटिया आदि न डालें।

(शकील अहमद खाँ)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहाँपुर

श्रीमती सावित्री दिवाकर, श्री अक्षत मोहन, श्री रजनीश कुमार सिंह, श्री सन्तोष शर्मा, श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्री हरिवक्श, श्रीमती पूजा (प्रतापनगर), श्रीमती पूजा (आज़ादनगर), श्री मो0 रईस अन्सारी, श्री रविकान्त मिश्रा, श्री गिरजेश कुमार कटियार, श्री संदीप, श्रीमती शब्बी बानों, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती रुवी बेगम, श्री मनोज, श्री मो0 फैसल, श्री विनोद कुमार, श्री नीरज कुमार, श्रीमती बेबी, श्री आबिद, श्रीमती शमां, श्रीमती इरम बी, श्री मंजूम, श्री अजय गुप्ता सदस्य गण नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहांपुर।



कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

पत्रांक:-1744/सा.प्रशा./अ.अ./न.पा.प.सी./2025-26 दिनांक:-22 जनवरी, 2026
स्वच्छ सर्वेक्षण 2.0

नगर पालिका परिषद, सीतापुर अपने नगर निवासियों से 26 जनवरी 2026 संविधान दिवस के अवसर पर अपील करती है कि:-

01. नागरिकों से अपील है, कि घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में समस्त जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाए, सूखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डालें इसी प्रकार नगर पालिका की गाड़ियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
02. आप अपने घर में एक कूड़ेदान में गीला कूड़ा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला डिब्बे में अवश्य रखें।
03. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय/यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयों का सदैव प्रयोग करें, खुले में शौच तथा पेशाब न करें स्वच्छता में सहयोग करें।
04. सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरों को करने दे, पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है, पालीथिन का प्रयोग/विक्रय करते हुये पाये जाने पर मु0-50,000.00 तक जुर्माना का प्राविधान है।
05. अपने जानवरों को खुला न छोड़े, तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थान पर न बांधे।
06. चाय की बिक्री में कांच के ग्लास व कुल्हड़ का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
07. मार्गों एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
08. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
09. बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाये जाने हेतु करों की अदायगी करें।
10. जल का दुरूपयोग रोके जाने हेतु नलों की टंकी खुली व छोड़े।
11. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के अन्तर्गत कर्मचारी आपके घरों तक पहुंच रहे हैं, कृपया अपना कूड़ा अलग-अलग कर उन्हें दें, सड़क या नाली में न फेंके।

उपलब्धियां: -

01. वन्दन योजना के अन्तर्गत लालबाग शहीद पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।
02. वन उपवन योजना अन्तर्गत बिजवार खुर्द में पार्क का निर्माण कराया जा रहा है।
03. सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में आर0सी0सी0 कवर्ड नाला निर्माण का कार्य।
04. पंडित दीन दयाल योजना अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में आवागमन हेतु सड़क/नाली निर्माण कार्य।
05. झील-पोखर योजना अन्तर्गत लक्ष्मनपुर तालाब, कुड़वा तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य।
06. अमृत 2.0 के अन्तर्गत बिजवार खुर्द में अमृत सरोवर का सौंदर्यीकरण का कार्य।
07. शहर के लालबाग चौराहा एवं अहिल्या बाई चौका का सौंदर्यीकरण का कार्य।
08. बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के अन्तर्गत गांधी पार्क के पास एवं बहुगुणा चौराहे के पास सेल्फी प्वाइंट का कार्य।
09. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सार्वजनिक शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय, पिंक टायलेट, एम0आर0एफ0 सेन्टर का निर्माण का कार्य।
10. मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के निर्देशानुसार सरायन नदी का पुनरोद्धार एवं साफ-सफाई का कार्य एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान का कार्य।
11. मछली मण्डी में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य।
12. जल ही जीवन योजना के अन्तर्गत हर घर जल कनेक्शन का कार्य।
13. रोड पटरी पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।
14. प्रकाश व्यवस्था हेतु पूरे नगर के समस्त पोलों पर तिरंगा रोप लगायी गयी है तथा पूरे नगर में लाइटें लगायी गयी हैं, तथा पूरे नगर में सभी खम्भों पर लाइटों की मरम्मत भी करा दी गयी है।
15. पालिका द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर कूलर, हैण्डपम्प रिबोरिंग आदि का कार्य कराया गया तथा नये मिनी नलकूप/बड़े नलकूप अधिष्ठापन का कार्य कराया गया।

वैभव त्रिपाठी
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1
नगर पालिका परिषद सीतापुर

नेहा अवस्थी
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सीतापुर

समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर।




## अर्थव्यवस्था व सेहत पर घातक असर

दावोस में हाल ही में संपन्न वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारतीय अर्थव्यवस्था की चर्चा के दौरान यह बात शिद्दत से उठी कि भारत पर ट्रंप के टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण ज्यादा घातक असर दिखा रहा है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफ़ेसर और आईएमएफ की पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने इकोनॉमिक फोरम में चर्चा के दौरान कहा कि व्यापार बढ़ाने की कवायद में अकसर व्यापारिक बाधाओं और नियमों की बात की जाती है, लेकिन आर्थिक तरक्की में बाधक प्रदूषण जैसे घटकों की चर्चा कम ही होती है। चर्चा में भारत में प्रदूषण की भयावहता का जिक्र करते हुए कहा गया कि भारत पर ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण का असर ज्यादा घातक व दूरगामी है। फोरम में साल 2022 में विश्व बैंक के एक अध्ययन का हवाला दिया गया कि भारत में हर साल सत्रह लाख लोगों की मौत प्रदूषण से हो जाती है। ये आंकड़ा भारत में मरने वालों का अट्ठारह फीसदी बैठता है। जो कहीं न कहीं आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने के साथ ही बहुमूल्य जीवन भी लीलता है। कमोबेश यह घातकता जीडीपी पर भी असर डालती है। निस्संदेह, प्रदूषण से होने वाली मौतों से केवल एक परिवार ही नहीं, पूरे देश पर प्रभाव पड़ता है। देश की श्रम शक्ति का ह्रास होता है और आर्थिकी पर दूरगामी प्रभाव होते हैं। वहीं आर्थिकी पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा भी उठा कि प्रदूषण के चलते निवेशकों के भरोसे पर भी दुष्प्रभाव होता है। इससे निवेशकों का आकर्षण कम होता है। निस्संदेह, निवेशक के मन में भय होता है कि यदि वह इसी प्रदूषित वातावरण में रहता है तो यह उसके लिये यह घातक हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदूषण की भयावह स्थिति दुनिया में किसी भी देश की छवि को नुकसान जरूर पहुंचाती है। जिससे निवेशक बेहतर विकल्प की तलाश में अन्य देशों का रुख कर सकते हैं। ऐसे में प्रदूषण के संकट को युद्धस्तर पर निपटाने की जरूरत महसूस की जा रही है। निस्संदेह, भारत में प्रदूषण का संकट एक यथार्थ है। यह भी हकीकत है कि देश के नीति-नियंता प्रदूषण संकट के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आते। जब-जब प्रदूषण संकट गहराता है तो आग लगने पर कुआं खोदने की कवायद की जाती है। कोर्ट की फटकार व नियामक एजेंसियों की सख्ती के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आता है। लेकिन गीता गोपीनाथ के तर्कों के कुछ अर्धसत्य भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका के इशारे पर काम करने वाली वैश्विक एजेंसियां विकासशील देशों को लेकर अपनी सुविधा के हिसाब से प्रतीक-प्रतिमान गढ़ती रही हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाओं को अमेरिकी कूटनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यहां तक कि इन संस्थाओं में उच्च पदों पर बैठे भारतीय अधिकारी भी अमेरिका के सुरों में गाते नजर आते हैं। सवाल गोपीनाथ के बयान के समय का भी है जब अमेरिका न केवल भारत पर अन्यायपूर्ण टैरिफ लगा रहा है बल्कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को भी अपनी शर्तों के अनुरूप अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। बहरहाल, इसके बावजूद यह एक हकीकत है कि हमारे देश में प्रदूषण संकट बड़ा है, जिसे देश के नीति-नियंता गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते करोड़ों भारतीयों को अपनी जमा-पूंजी अपने व परिवार के उपचार में खर्च करनी पड़ती है। निस्संदेह, प्रदूषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कानूनों को सरल बनाने की भी जरूरत है ताकि उन पर अमल आसानी से हो सके। इसके अलावा लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि देश की आबोहवा सुधारने के लिये उन्हें भी कुछ त्याग करने होंगे। उन्हें अपनी विलसिता की जीवन शैली में बदलाव लाकर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारना होगा।

**फोरम में साल 2022 में विश्व बैंक के एक अध्ययन का हवाला दिया गया कि भारत में हर साल सत्रह लाख लोगों की मौत प्रदूषण से हो जाती है। ये आंकड़ा भारत में मरने वालों का अट्ठारह फीसदी बैठता है। जो कहीं न कहीं आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने के साथ ही बहुमूल्य जीवन भी लीलता है। कमोबेश यह घातकता जीडीपी पर भी असर डालती है। निस्संदेह, प्रदूषण से होने वाली मौतों से केवल एक परिवार ही नहीं, पूरे देश पर प्रभाव पड़ता है। देश की श्रम शक्ति का ह्रास होता है और आर्थिकी पर दूरगामी प्रभाव होते हैं। वहीं आर्थिकी पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा भी उठा कि प्रदूषण के चलते निवेशकों के भरोसे पर भी दुष्प्रभाव होता है।**

## बांग्लादेश में फिर एक हिन्दू की हत्या: भारत सरकार की चुप्पी बनेगी आगे भी काल का कारण

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

बांग्लादेश एक बार फिर खून से लाल है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार मारा गया व्यक्ति कोई राजनेता नहीं, कोई उग्रवादी नहीं, बल्कि एक साधारण हिन्दू युवक था; चंचल चंद्र भौमिक। उसे किसी न्यायालय ने सजा नहीं दी थी, किसी युद्ध में वह दुश्मन नहीं था, फिर भी उसे जिंदा जला दिया गया। उसका अपराध सिर्फ इतना था कि वह हिन्दू था और बांग्लादेश में जी रहा था। यह हत्या कोई नई बात नहीं न कोई अपवाद है, यह तो उस निरंतर चल रहे हिन्दू संहार की एक और कड़ी है, जिसे बांग्लादेश सरकार या तो देख नहीं पा रही या जानबूझकर अनदेखा कर रही है। 23 जनवरी की आधी रात नरसिंगदी जिले के एक गैरेज में जो हुआ वह बांग्लादेशी राज्य में चंचल चंद्र भौमिक के जरिए फिर एक सार्वजनिक चेतावनी है कि हिन्दू होना अब इस देश में मौत को न्योता देना है। यदि यह अपराध किसी व्यक्तिगत रंजिश का नतीजा होता, तब ही माना जा सकता था कि आपसी विवाद का ये परिणाम है, किंतु ऐसा बिल्कुल भी सामने नहीं आया है। बार-बार हिन्दुओं को जिंदा जलाना प्रतीक होता है जैसे बांग्लादेश में गैर मुसलमानों के लिए इस्लामिक जिहादी ताकतें भय का, आतंक का और वर्चस्व स्थापित करने का एक ऐसा वातावरण तैयार कर रही हैं, जिसमें सिर्फ इस्लाम को माननेवाले ही रह सकते हैं! चंचल से पहले गाजीपुर के कालीगंज में लिटन चंद्र घोष को बेलचे से सिर कुचलकर मार दिया गया। उसके बाद राजबाड़ी में पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रिपन साहा को एक बीएनपी नेता ने गाड़ी से रौंद डाला। इन घटनाओं में समानता साफ है, पीड़ित हिन्दू हैं और अपराधियों को सत्ता-संरक्षण का भरोसा है। कभी देवी-देवताओं की तस्वीरें बहाना बनती हैं, कभी पैसे का विवाद। असल वजह हमेशा एक ही रहती है मजहबी (धार्मिक) घृणा। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार केवल छह महीनों में 116 से अधिक अल्पसंख्यकों की हत्या हुई, जिनमें अधिकांश हिन्दू थे। दिसंबर 2025 में ही 51 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं दर्ज की गईं। ये आंकड़े किसी आंतरिक अशांति के नहीं, बल्कि सुनियोजित हिंसा के हैं। यह एक पैटर्न है; लक्षित हत्या, मॉब लिंचिंग, झूठे ईशनिंदा आरोप और प्रशासनिक चुप्पी के। आज इस्लामिक साम्राज्यवाद के नजरिए से देखें तो दिख यही रहा है कि 1906 में मुस्लिम लीग की स्थापना के साथ जिस मजहबी राजनीति ने जन्म लिया, वही आज बांग्लादेश में हिंसा का मूल है। भूमि की स्वाभाविक पहचान को मिटाकर एक आरोपित पहचान थोपने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहा अत्याचार इसी ऐतिहासिक संघर्ष का परिणाम है। किंतु इस्लामिक जिहादी ये भूल जाते हैं कि नाम बदल देने से इतिहास नहीं बदलता। सिंधु देश भारत था, है और रहेगा, चाहे उसके कितने ही टुकड़े क्यों न कर दिए जाएं। आप देखेंगे कि हर हिन्दू हत्या के बाद बांग्लादेश पुलिस का एक तयशुदा बयान आता है, ल्लजांच जारी हैङ्क, ल्लसभी एंगल देखे जा रहे हैंङ्क। लेकिन नतीजा शून्य रहता है। न त्वरित न्याय, न कठोर सजा। कई मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती। जब राज्य अपराधियों को दंडित नहीं करता, तब समझलें कि वह अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें जिहादियों को, हिंसक इस्लामवादियों को लाइसेंस दे देता है। कहना होगा कि मोहम्मद यूनुस के शासनकाल में जिस तरह अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं, वह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं कही जा सकती है, यह तो राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव का प्रमाण और सीधे तौर पर हिन्दू हत्या करवाना है। यह देखकर ओर आश्चर्य एवं दुख होता है कि एक तरफ आज का वैश्विक उदार वर्ग गाजा पर आंसू बहाता है, जिसमें कि भारत में भी ऐसे लोगों की एक बड़ी संख्या है, किंतु बांग्लादेश में जिंदा जलाए जा रहे हिन्दुओं पर उसकी आवाज गुम हो जाती है। भारत में कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों को उमर खालिद की जेल ज्यादा बड़ी मानवाधिकार समस्या लगी, पर बांग्लादेश में हिन्दू महिलाओं के बलात्कार, मंदिरों की आगजनी और लक्षित हत्याएं उन्हें विचलित नहीं करतीं। निश्चित ही ये भारत में इस प्रकार की सोच रखनेवालों के लिए और वैश्विक स्तर पर यह संवेदनशीलता नहीं है, यह सीधे तौर पर वैचारिक पाखंड है, जो हिंसा और अत्याचार पर दोहरे मापदण्ड निर्धारित करता है। यह कहना कि बांग्लादेश के हिन्दू भारत का विषय नहीं हैं, ऐतिहासिक अज्ञानता है। बंग भूमि की चेतना ढाकेश्वरी देवी से जुड़ी है। सीमाएं बदली हैं, सभ्यता नहीं। जो हिन्दू आज बांग्लादेश में मारे जा रहे हैं, वे उसी सांस्कृतिक धारा के वाहक हैं जिसकी जड़ें भारत में हैं। जब किसी सभ्यतागत समुदाय को उसकी पहचान के कारण मिटाने का प्रयास होता है, तो उस सभ्यता के माननेवालों का यह दायित्व है कि वे उसके हित संरक्षण में खुलकर बोलें, साथ खड़ें हों, लिख सकें तो लिखें, जहां प्रतिकार कर सकते हैं, वहां उसके समर्थन में वो भ करें। ऐसे में स्वभाविक तौर पर आज भारत का मौन कूटनीतिक से अधिक नैतिक अपराध बनता हुआ दिख रहा है। समझ नहीं आता कि कभी भारत से अलग हुए बांग्लादेश के लिए बहुसंख्यक हिन्दू जनसंख्या वाले भारत की क्या मजबूरियां हैं जो वो यूनिस सरकार को सख्त संदेश नहीं दे पा रहा है! बेशक; भारत सरकार ने चिंता जताई है, रिपोर्टें मंगाई हैं, कूटनीतिक भाषा में बयान दिए हैं। लेकिन इतिहास बताता है कि कट्टरपंथ बयान नहीं समझता, वह केवल दबाव समझता है। यदि भारत इस मुद्दे पर निर्णायक, आक्रामक और निरंतर अंतरराष्ट्रीय दबाव नहीं बनाएगा तो यह हिंसा सीमा पार अस्थिरता का रूप ले सकती है। संसदीय समितियां पहले ही चेतावनी दे चुकी हैं कि बांग्लादेश की स्थिति 1971 के बाद सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती है, किंतु अंततः अंतिम निर्णय तो भारत सरकार को ही इसमे लेना है। आज चंचल चंद्र भौमिक की हत्या फिर बता रही है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के लिए भविष्य और भी अंधकारमय होता जा रहा है। दूसरी ओर भारत को भी यह समझना होगा कि जब इतिहास पुकार रहा हो, तब मौन साधना नहीं, हस्तक्षेप करना ही धर्म होता है। क्योंकि अन्याय पर चुप्पी अंततः स्वयं काल बन जाती है।

**बार-बार हिन्दुओं को जिंदा जलाना प्रतीक होता है जैसे बांग्लादेश में गैर मुसलमानों के लिए इस्लामिक जिहादी ताकतें भय का, आतंक का और वर्चस्व स्थापित करने का एक ऐसा वातावरण तैयार कर रही हैं, जिसमें सिर्फ इस्लाम को माननेवाले ही रह सकते हैं! चंचल से पहले गाजीपुर के कालीगंज में लिटन चंद्र घोष को बेलचे से सिर कुचलकर मार दिया गया। उसके बाद राजबाड़ी में पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रिपन साहा को एक बीएनपी नेता ने गाड़ी से रौंद डाला। इन घटनाओं में समानता साफ है, पीड़ित हिन्दू हैं और अपराधियों को सत्ता-संरक्षण का भरोसा है। कभी देवी-देवताओं की तस्वीरें बहाना बनती हैं, कभी पैसे का विवाद। असल वजह हमेशा एक ही रहती है मजहबी (धार्मिक) घृणा। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार केवल छह महीनों में 116 से अधिक अल्पसंख्यकों की हत्या हुई, जिनमें अधिकांश हिन्दू थे। दिसंबर 2025 में ही 51 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं दर्ज की गईं। ये आंकड़े किसी आंतरिक अशांति के नहीं, बल्कि सुनियोजित हिंसा के हैं।**

## भारतीय गणतंत्र में आम आदमी कहाँ है?

डॉ. सुधाकर आशावादी

भारत अपना सतहत्तर वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। भारतीय संविधान के लागू होने के स्मृति दिवस के रूप में इस दिवस देश की समृद्धि का परिचय कर्तव्य पथ पर दिया जाता है। जिसमें देश की सैन्य क्षमता से लेकर विभिन्न प्रान्तों की विशेषताओं से देश को अवगत कराया जाता है। बहु संस्कृति को व्यक्त करती हुई सांस्कृतिक विविधता प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुतियों से देश की अनेकता में एकता की छवि प्रस्तुत की जाती है। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर देश की उपलब्धियों एवं विकास यात्रा का यह अद्भुत दृश्य प्रत्येक भारतवासी को गौरव की अनुभूति कराता है।

अब भारत गणराज्य की वास्तविक संवैधानिक स्थिति का अध्ययन करें, कि क्या वास्तव में गणतंत्र में गण ही सर्वोच्च शक्ति है? क्या लोकतान्त्रिक मूल्यों का अनुपालन समानता के आधार पर किया जा रहा है? क्या सभी नागरिकों के लिए समान न्याय व्यवस्था लागू है? क्या आम नागरिक को समान नागरिक अधिकार प्राप्त हैं? क्या देश में समान नागरिक संहिता लागू है? भले ही राष्ट्राध्यक्ष वंशानुगत नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता हो तथा शासन की शक्ति जनता में निहित होती हो, मगर क्या जनता को समान लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त हैं? यह प्रश्न भारत को संवैधानिक व्यवस्था एवं गणतंत्र पर सवाल खड़े करते हैं। विचारणीय बिंदु यह भी है कि किसी भी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास राष्ट्र के नागरिकों की राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना से ही संभव होता है, यदि नागरिकों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना नहीं होगी, तो राष्ट्र से पहले व्यक्तिगत स्वार्थ का बोलबाला होना स्वाभाविक ही है। देश का दुर्भाग्य यही है, कि पंथ निरपेक्षता के नाम पर कुछ लोग राष्ट्र की अपेक्षा अपने धर्म को प्राथमिकता पर रखते हैं,, कुछ नागरिक जातीय संकीर्णता से ग्रस्त हैं। अनेक राजनीतिक दलों का अस्तित्व ही जातीय गठजोड़ पर निर्भर है। कुछ वंशवादी परिवारों ने राजनीति की पारिवारिक दुकानें खोल रखी हैं, विधायक और सांसद जैसे पदों पर परिवार के सदस्यों का ही कब्ज़ा है। विडंबना यह भी है कि देश में गण गौण हो गया है। वह समान नागरिक अधिकारों से वंचित है। जातीय संकीर्णता के चलते आम आदमी की पहचान ही उसके जातीय अस्तित्व से होती है। जातियों में बंटे समाज में सरकारी स्तर पर जाति प्रमाण पत्र बाँट कर उसे दलित, पिछड़ा में बांटकर समाज का बंटवारा संवैधानिक आधार पर किया जाता है। तथाकथित अगड़ी जातियों के नागरिकों को न तो जाति प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, न ही उसके अगड़े होने का कोई कारण स्पष्ट किया जाता है, कि दुर्बल आय वर्ग का व्यक्ति अगड़ा किस आधार पर है। सबसे दुखद एवं अमानवीय स्थिति तो तब होती है, जब जातीयता को निशाना बनाकर समाज में तथाकथित अगड़ी जातियों के नागरिकों के विरूद्ध दलित व पिछड़ी जातियों के नागरिकों को झूठी शिकायत करने के अधिकार दे दिए जाते हैं, जिस अधिकार का दुरूपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। सीधा सा अभिप्राय यही है कि गणों को आपस में ही उलझा कर राजनीति के दिग्गज मूल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ते। वर्तमान वैश्विक परिवेश में भारत उभरती हुई शक्ति है, जिसके लिए देश में आंतरिक लोकतंत्र की सुदृढ़ता अपेक्षित है। जिसके लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान अपेक्षित होता है, किन्तु जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण सोच में सिमटे नागरिकों को व्यापक रूप से सोचने का अवसर ही नहीं मिलता। शिक्षण तथा रोजगार के क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था, चिकित्सा क्षेत्र में विशिष्ट पाठ्यक्रमों में निर्धारित मानकों की अनदेखी करके अयोग्यता को प्रवेश देने की नीति, शिक्षा क्षेत्र में जातीय आरक्षण को प्राथमिकता स्वस्थ लोकतंत्र को बैसाखियों पर धकेलने तक सीमित है। ऐसे में किस आधार पर भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकेगा ? यह गंभीर चिंता का विषय है। अब भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा की चर्चा करें, तो स्पष्ट होगा, कि सीमा सुरक्षा बलों की चाक चौबंद निगरानी के उपरांत भी रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की देश में भरमार है। देश के शायद ही कुछ जिले ऐसे हों, जिनमें घुसपैठियों की उपस्थिति न हो। देश में मुफ्तखोरी की सुविधाओं का लाभ येन केन प्रकारेण ऐसे तत्व भी ले रहे हैं। पश्चिमी बंगाल तथा सीमावर्ती राज्यों में यह समस्या कम नहीं है। यहाँ तक कि घुसपैठियों के आधार कार्ड और मताधिकार पत्र भी बने हुए हैं। ऐसे में सुदृढ़ गणतंत्र की कल्पना किस आधार पर की जा सकती है, यह भी विचारणीय प्रश्न है। देश में संवैधानिक आधार पर पृथक पृथक विशेषाधिकार समान नागरिक अधिकारों का मखौल उड़ाते प्रतीत होते हैं। नागरिकता पंजीकरण न होने के कारण अवैध घुसपैठियों की संख्या बढ़ गई है। कठोर जनसंख्या नीति न होने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में भौगोलिक परिदृश्य बदल रहा है, जो राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए घातक है। धार्मिक आधार पर वैमनस्यता बढ़ रही है। जब तक समान नागरिक संहिता, नागरिकता पंजीकरण, समान व कठोर जनसंख्या नीति तथा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आरक्षण मुक्त व्यवस्था को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त नहीं होता, तब तक स्वस्थ एवं समृद्ध गणतंत्र का सपना साकार नहीं हो सकता। सो समय की मांग है कि लोकतान्त्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु समाज को बाँटने वाले प्रावधानों को समाप्त किया जाए, ताकि गणतंत्र स्वस्थ लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब बनकर सामाजिक समरसता और न्याय में समानता के अवसरों का लाभ जनमानस के लिए समान रूप से उपलब्ध करा सके।

**अब भारत गणराज्य की वास्तविक संवैधानिक स्थिति का अध्ययन करें, कि क्या वास्तव में गणतंत्र में गण ही सर्वोच्च शक्ति है? क्या लोकतान्त्रिक मूल्यों का अनुपालन समानता के आधार पर किया जा रहा है? क्या सभी नागरिकों के लिए समान न्याय व्यवस्था लागू है? क्या आम नागरिक को समान नागरिक अधिकार प्राप्त हैं? क्या देश में समान नागरिक संहिता लागू है? भले ही राष्ट्राध्यक्ष वंशानुगत नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता हो तथा शासन की शक्ति जनता में निहित होती हो, मगर क्या जनता को समान लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त हैं? यह प्रश्न भारत को संवैधानिक व्यवस्था एवं गणतंत्र पर सवाल खड़े करते हैं। विचारणीय बिंदु यह भी है कि किसी भी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास राष्ट्र के नागरिकों की राष्ट्र के प्रति समर्पण भावना से ही संभव होता है।**

## गणतंत्र का संधान : संकल्प और चुनौतियाँ

गणतंत्र दिवस पर विशेष

गिरीश्वर मिश्र

भारत को अंग्रेज़ों के लंबे औपनिवेशिक आधिपत्य से स्वतंत्र कराने की लड़ाई के बीच भारत के तत्कालीन नेताओं ने देश के भविष्य का स्वप्न देखते हुए पूर्ण स्वराज्य की माँग की। इसके लिए संघर्ष हुआ अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश और आंदोलन चला। अनेक वीर शहीद हुए। विभाजन की विभीषिका में लाखों लोग मारे गए और जान-माल की अपरिमित हानि हुई। इन सबके बीच गणतंत्र का स्वप्न केवल राजनैतिक सत्ता-परिवर्तन तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि इसमें आर्थिक, सामाजिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय सभी दृष्टियों से देश में स्वराज की ओर अग्रसर होने की तीव्र आकांक्षा भी हिलोरें ले रही थी।

सन 1947 में स्वतंत्रता मिलने के बाद यह आकांक्षा 26 जनवरी 1950 को मूर्त आकार पाई जब देश ने संविधान को अपनाया था। राष्ट्र नायकों के मन में एक ऐसे गणतंत्र की छवि थी जो समाज में व्याप्त असमानताओं, ग़रीबी और अशिक्षा को दूर कर हाशिये पर स्थित उपेक्षितों को आगे ले चलने के साथ समग्र उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सके। इसकी पृष्ठभूमि में सर्वोदय की गूंज थी और संविधान उसका उपकरण समझा गया था। महान जननायक महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप देश में समरसता, समावेशिता, समानता, बंधुत्व और समता ले आने के प्रति जागरूक प्रतिबद्धता संविधान का मुख्य स्वर बना था। इस उद्देश्य से व्यवस्था के खाके को लेकर संविधान सभा में देश के प्रतिनिधियों के बीच लंबा और गहन विचार-विमर्श हुआ था। अंत में लोकतंत्र में सबका विश्वास और भी दृढ़ हुआ। फलतः अंग्रेज़ों के जाने के बाद स्वतंत्र देश ने शासन के लिए गणतंत्र की पद्धति को चुना गया। इसके तहत एक संघीय ढाँचा सोचा गया और उसके संचालन के लिए एक अत्यन्त विस्तृत लिखित संविधान भी रचा गया और उसे विधिवत अपनाया गया। यह सब बड़े अनुशासन के साथ हुआ। निश्चय ही ये नेता दूरदर्शी थे और उन्होंने बहुत हद तक भविष्य की चुनौतियों का भी अनुमान लगाया था और उसे ध्यान में रखते हुए जरूरी प्रावधान भी किए थे। शासन की दृष्टि से संविधान की गरिमा स्थापित करते हुए क़ानूनी रूप से उसे निर्णायक दर्ज़ा दिया गया। आज भी सरकार चलाने वाले मंत्री और अधिकारी गण अपना दायित्व संभालने के पहले इस संविधान के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता की शपथ लेते हैं। भारतीय संविधान ही सब तरह से सर्वोपरि स्वीकार किया गया। यह गौरव का विषय है कि तमाम विघ्न बाधाओं के बीच आधुनिक गणतंत्र के रूप में देश पचहत्तर वर्षों की यात्रा पूरा कर आगे बढ़ रहा है। भारत विश्व में सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बन चुका है। आज पश्चिमी देशों (और चीन भी) के सामाजिक ढांचे में लोग जहाँ तेज़ी से बूढ़े हो रहे हैं, भारत एक युवा देश है और आगे भी काफ़ी समय तक युवा बना रहेगा। यह एक बड़ा अवसर हो सकता है, बशर्ते युवा वर्ग को सुशिक्षित, सच्चरित्र और सुयोग्य बनाया जाय। इसके लिए शिक्षा में बड़े निवेश और पर्याप्त सुधार की जरूरत है। इस अवधि में देश के भीतर और बाहर अनेक परिवर्तन आए हैं और कई मोर्चों पर चुनौतियां भी मिली हैं जिन्होंने इस क्षेत्र के इतिहास और भूगोल दोनों पर असर डाला है। इस बीच देश की राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी बड़े परिवर्तन हुए। लोकतंत्र में जन भागीदारी बढ़ी है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा स्थापित हुई। दूसरी ओर वैश्विक परिदृश्य में भी बड़े उतार-चढ़ाव आए। पड़ोसी देशों में बहुत समय से अस्थिरता बनी हुई है। आज विश्व के अनेक क्षेत्रों में अशांति है और कई जगह लंबे समय से युद्ध की स्थितियाँ बनी हुई हैं। पश्चिम के देश अपने दबदबे को बनाये रखने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं और उनके समीकरण बन बिगड़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका भी प्रश्नांकित हो रही है। प्रतिस्पर्धा बढ़ने के साथ ही सत्ता और शक्ति के संतुलन जटिल, अस्थायी और बहु आयामी होते जा रहे हैं। साथ ही दूसरे देशों के साथ आपसी रिश्ता किसी देश के लिए पहले से ज़्यादा महत्वपूर्ण होता जा रहा है। अब किसी देश के लिए अलग-थलग रहना कठिन है। ऐसे में आर्थिक समृद्धि और उन्नति के लिए किसी भी देश के लिए आत्मनिर्भरता अत्यंत महत्वपूर्ण हो रही है। आर्थिक रूप से भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। अब वह विश्व की चार विशालतम अर्थ व्यवस्थाओं में शुमार है। पर जहाँ जीवन के कई क्षेत्रों में कामयाबी मिल रही है वहीं मुश्किलें भी बढ़ी हैं। आज हम सब एक ऐसे मुकाम पर पहुंच रहे हैं जो राष्ट्रीय जीवन के लिए बड़ी चुनौती सिद्ध हो रहा है। यहाँ के समाज में पवित्रता, स्वच्छता और शुद्धता पर बड़ा ज़ोर दिया जाता रहा है। ऐसे ही परदुखकातरता और लोक-संग्रह भी महत्वपूर्ण रहा है। इसके विपरीत आज मिलावट, प्रदूषण और जिस तरह से बढ़ रहा है वह उन्नति की गति को थाम सकता है। दायित्वहीनता के चलते आए दिन दुर्घटना, अकाल मृत्यु, धन-जन हानि, पर्यावरण और प्रकृति के संसाधनों का क्षरण जैसे ऐसे परिणाम होते हैं जिनकी भरपाई नहीं की जा सकती। यह अलग बात है कि आम जनों की स्मृति अल्पकालिक होती है और लोग हादसों को आसानी से भुला देते हैं। इसी तरह प्रेस और मीडिया की चर्चाओं को लेकर आम जन स्तब्ध हो रहा है। राजनीति में देश की जगह जाति और क्षेत्र की अस्मिता को महत्व मिल रहा है। देश के विकास के लिए कार्य संस्कृति महत्वपूर्ण होती है। और यह एक दुखती रग है। आज किसी भी अवसर को लोग इसी दृष्टि से देखते हैं कि जो अपेक्षित योगदान है वह कितना कम हो सकता है यानी लागत कम से कम हो और उससे मिलने वाला लाभ अधिक से अधिक हो। इस जमाने में सिर्फ़ कमाने की होड़ मची हुई है। नफा-नुकसान वाला बाज़ारू तर्क आज के जीवन का नियामक बनता जा रहा है। ऐसे में गरीब-अमीर की खाई चौड़ी होती जा रही है। प्रकृति (धरती-जल, जंगल-वायु, अन्न-मिष्ठान्न, शाक-भाजी), संस्थाएं (मीडिया, सरकारी दफ्तर, न्यायालय, वृद्धाश्रम, अस्पताल, विद्यालय, विश्वविद्यालय) के साथ-साथ दवा-दारू, आचार-विचार, नाते-रिश्ते, हर कहीं भ्रष्टाचार, बेईमानी और मिलावट की घटनाएँ बढ़ रही हैं। यह दुखद है कि दुराचरण की हद सिर्फ नेता, व्यापारी, बैंकर, न्यायाधीश, मंत्री, राज्यपाल, सचिव, अन्य अधिकारी, डाक्टर, प्राध्यापक, कुलपति सभी संलिप्त होते पाए जा रहे हैं। आर्थिक अपराधों और रिश्ते में हैवानियत के संगीन मामले दुर्भाग्य से दिन पर दिन बढ़ रहे हैं। कहाँ तो विशिष्ट जन दूसरों के लिए मानदंड बनते ताकि लोग उनका अनुसरण करते। ईमानदारी और सच्चरित्रता उनका स्वाभाविक गुण होना था और अपेक्षा थी कि वे दूसरों के लिए राह बनायेंगेः महाजनो येन गतः स पंथाः। पर यह हो नहीं पा रहा है। तमाम सरकारी प्रयासों और आम जनों के लिए हितकारी योजनाओं के बावजूद बाहुबल और धनबल के चलते सामान्य आदमी और सीमांत जनों की मुश्किलें बनी हुई हैं। संसाधनों और सुविधाओं की पहुँच को लेकर गंभीर समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि आज की जीवन शैली बाजार और मीडिया से संचालित होती जा रही है। भौतिक समृद्धि की लालसा के साथ सभी इसी आपाधापी में हैं कि कितना कुछ कितना जल्दी हासिल कर लें। पाने की अँधियाली हवस को कुछ भी तृप्त नहीं कर पा रहा है। अब यह विचार कि हमें सचमुच उस वस्तु की आवश्यकता है कि नहीं खरीददारी का आधार नहीं रहा। नया माडल, दूसरों से तुलना और प्रतिस्पर्धा में दूसरों को मात देना खरीददारी का मुख्य आधार बन रहा है। मीडिया का फरेब आग में घी का काम करता है। पुराना छोड़ने और नया पाकर ही आदमी को गतिशीलता, प्रगति या उन्नति का अहसास होता है नहीं तो ठहरने और ऊब के बीच जीवन नीरस लगने लगता है। समाज के स्तर पर अतिशय भोग का असर अनियंत्रित रूप से फैलता जा रहा है। सामाजिकऽसांस्कृतिक परिवर्तन की लहर असंतोष को जन्म दे रही है। भारत एक धर्मप्रधान देश रहा है जिसमें कर्तव्य, सत्य, त्याग, अहिंसा और तप जैसे मूल्य जीवन को दिशा देते आए हैं। उन्नति और नवाचार के साथ विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए इन मूल्यों को आत्मसात करना होगा। लोकतंत्र स्वच्छंदता से नहीं चल सकता। उसके लिए अनुशासन जरूरी है। समय के साथ स्वतः ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा, यह सोचना दुराशा है। लोकतंत्र की सतत और कड़ी परीक्षा होती रहती है। कर्मठता और ईमानदारी के साथ अपना कर्तव्य का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सतत चौकसी आवश्यक होती है।

**सन 1947 में स्वतंत्रता मिलने के बाद यह आकांक्षा 26 जनवरी 1950 को मूर्त आकार पाई जब देश ने संविधान को अपनाया था। राष्ट्र नायकों के मन में एक ऐसे गणतंत्र की छवि थी जो समाज में व्याप्त असमानताओं, ग़रीबी और अशिक्षा को दूर कर हाशिये पर स्थित उपेक्षितों को आगे ले चलने के साथ समग्र उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सके। इसकी पृष्ठभूमि में सर्वोदय की गूंज थी और संविधान उसका उपकरण समझा गया था। महान जननायक महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप देश में समरसता, समावेशिता, समानता, बंधुत्व और समता ले आने के प्रति जागरूक प्रतिबद्धता संविधान का मुख्य स्वर बना था।**

# प्रधान होंगे सड़क सुरक्षा के नोडल, गांवों में करेंगे युवाओं को जागरूक : पीटीओ

- बिना शीट बेल्ट और बिना हेलमेट के न चलाएं कोई भी वाहन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पीटीओ ने ब्लाक में शपथ दिलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा पालन करने के लिए कहा और यह भी कहा कि बिना सीट बेल्ट के कोई भी चार पहिया वाहन को न चलाएं नहीं तो दुर्घटनाएं होती हैं। महुआ ब्लॉक के सभागार में परिवहन विभाग के यात्री कर अधिकारी वीरेंद्र नाथ राजभर द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बैठक की शुरुवात की और उन्होंने बताया कि मेरी ग्राम पंचायत महुआ में प्रत्येक माह 4 मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं वो भी सड़क दुर्घटना में मौत होने की वजह से। वहीं यात्री कर अधिकारी में बताया कि जल्द ही ग्राम पंचायत वार ही सड़क सुरक्षा अभियान के नोडल ग्राम प्रधानों को बनाया जाएगा। और यह भी कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटना में युवाओं को मौत होती है क्योंकि उनके द्वारा बाईकों में हेलमेट लगाकर नहीं चला जाता है। वहीं इस बैठक के समाप्त होने के बाद सभी लोगों को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक शपथ भी दिलाई गई है। इस मौके पर ग्राम सचिव अनुज गुप्ता,प्रेम नारायण कुशवाहा,अनिरुद्ध कुमार पटेल,ग्राम प्रधान देवरार सुशील कुमार,सुरेश कुमार,योगेन्द्र सिंह चौहान,राम बहोरी शुक्ला आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बच्चों को कराया प्रतियोगी परीक्षा का पूर्वाभ्यास

बांदा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भागीदारी करते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता परखी। परीक्षा में लगभग 400 के आस पास छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अंक पाने के तरीके बताए। डिजिटल लाइब्रेरी के तत्वाधान में शनिवार को पुलिस, रेलवे, यूपीएसएससी समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं की बौद्धिक क्षमता परखने के उद्देश्य से परीक्षा आयोजित हई। लाइब्रेरी संचालक जैनुल अंसारी ने बताया कि परीक्षा आयोजित करने का उद्देश्य तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को अपनी कमियों और खामियों का पता लगे। आगामी परीक्षाओं में सुधार का मौका मिल सके। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक पाने के तरीके बताए। कहा कि कड़ी मेहनत के दम पर हर मुकाम के आसानी से पाया जा सकता है। नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू समेत सादी जमां, रामेंद्र शर्मा, अनस अंसारी, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, मोहन साहू, मनोज जैन, विकास गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया सीसी रोड का लोकार्पण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। सदर विधायक द्वारा संयुक्त रूप से बांदा नगर पालिका के अन्तर्गत वार्ड नं0 31 इन्दिरा नगर में दो पार्को का शिलंन्यास/भूमिपूजन किया गया तथा वार्ड नं0 22 निम्नीपार मढिया नाका में बुन्देलखण्ड विकास निधि से निर्मित दो सी0सी0रोडों एवं नगर पालिका से निर्मित महामाई मंन्दिर के नवनिर्मित भव्य द्वार एवं लोकतंत्र सेनानी और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के पूर्व जिला संघ चालक श्री रमाशंकर श्रीवास्तव के नाम से मार्ग का नामकरण कर नगर पालिका से निर्मित दो सी0सी0 मार्गो का लोकार्पण कर जनता को समर्पित करने के साथ साथ दोनो वार्डो में नगर वासियों के साथ अन्य होने वाले विकास कार्यो को देखा गया।सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से आमजनमानस को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से निजात मिल सकेगी तथा बांदा भी विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष यू0मो0 पुष्कर द्विवेदी, सभासद राममिलन तिवारी, मनीष रैकवार, आशीष गुप्ता, इन्द्रजीत राजपूत, नगर अध्यक्ष रज्जन गुप्ता, जिला मंत्री पंकज रैकवार, राहुल सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, सुभांसू खरे, कमता गुप्ता रमेश रिशि, सहित समस्त क्षेत्रवासी व पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

## होमगार्ड ने किशोरी व परिजनों से की मारपीट

नरैनी। गिरवां थाना क्षेत्र के महुआ गांव निवासी लक्ष्मी बाजपेयी पत्नी महेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी नाबालिग लड़की शुभी उर्फ काजल अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव की मंजू देवी निकली और उसकी बेटी के ऊपर थूक दिया। विरोध करने पर वह अपने पति, जेठ व भतीजे को बुला लाई और पुत्री को पीट दिया। आरोप है कि आरोपी होमगार्ड थाने में तैनात है। गिरवां थानाध्यक्ष सुरेश सैनी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## ट्रैक्टर चालक ने फांसी लगाकर दी जान

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव के के मजरा बगलन पुरवा निवासी सुशील (20) पुत्र राजू वर्मा ने शनिवार की दोपहर कमरे के अंदर धन्नी में मफलर का फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। पिता ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। परिजनों ने फंदा काटकर शव को नीचे उतारा। मृतक के पिता ने बताया कि राजू भाड़े में ट्रैक्टर चलाता था।

# भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में रैली निकाल कर मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त सभा से हुई जिसमें एनएसएस अधिकारी डॉ. मोहम्मद आदिल ने संविधान प्रदत्त मताधिकार की गरिमा एवं लोकतंत्र में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है तथा इसमें युवाओं की भूमिका निर्णायक होती है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। इसके उपरांत महाविद्यालय परिसर से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने ल्लपहले मतदान, फिर जलपानङ्क, ल्लसशक्त लोकतंत्र–जागरूक मतदाताङ्क, ल्लमेरा वोट, मेरी आवाज़ङ्क जैसे नारों के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया। हाथों में तख्तियां व पोस्टर लिए स्वयंसेवकों ने शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। मार्ग में उपस्थित नागरिकों ने रैली का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। शिक्षण संस्थान केवल ज्ञान के केंद्र नहीं, बल्कि जिम्मेदार और जागरूक नागरिक तैयार करने की प्रयोगशाला होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं मतदान करने के साथ-साथ परिवार एवं समाज को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा मतदाता सूची में नामांकन, मतदाता पहचान पत्र के महत्व एवं मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के प्रश्नों का समाधान किया। रैली के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने की शपथ ली।

## ट्रेन की चपेट में आने से मां बेटी की मौत




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। थाना सैनी स्थित रेलवे स्टेशन सिराथू पर ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे लाइन पार कर रही मां-बेटी की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सैनी कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक मुस्लिम महिला अपनी मासूम बेटी के साथ कानपुर जाने के लिए सिराथू रेलवे स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन पकड़ने के दौरान वह रेलवे लाइन पार करते समय मेन लाइन पर अचानक तेज रफ्तार ट्रेन के आने से उसकी चपेट में आकर दोनों मां-बेटी की मौत हो गयी। पुलिस द्वारा उक्त दोनों मां बेटी के शवों की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो पायी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर व ऑपरेटरों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को शपथ दिलायी ल्लहम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।ङ्क कार्यक्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी.एल.ओ., सुपरवाइजर एवं ऑपरेटरों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित बी.एल.ओ. में प्रमुख रूप से राम प्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानेश कुमार द्विवेदी, दीपक त्रिवेदी, भारती सिंह, कृष्ण कुमार जायसवाल, गरिमा टंडन, सुशीला सिंह, अजितेश सिंह, दिनेश सिंह, नागेंद्र सिंह, सुनील अग्रहरि, अरविंद सिंह, शिव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अनुराग श्रीवास्तव, शबाना परवीन, धर्मराज यादव, आशीष कुमार शुक्ला, रामदत्त केसरवानी, अवनीश यादव, नागेश्वर सिंह, मनीष कुमार पाण्डेय, रजनी चौरसिया, सुचित कुमार, आकांक्षा वर्मा, राजीव कुमार यादव, दिलीप कुमार, फहीमुद्दीन, उत्तम सिंह, धीरेंद्र सिंह, दीपशिखा, रामजी तिवारी, अनिल कुमार एवं विकास सिंह शामिल रहे।

इसी प्रकार सुपरवाइजर–दीपक माले, मनोज सिंह, सूर्य प्रकाश राय, ज्ञानचंद, शुभराज सिंह, शिव बहादुर, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, ज्ञानेश मिश्र, अनिल कुमार निर्मल, अखिलेश कुमार, अमित कुमार सिंह, अनुज जायसवाल, संतोष कुमार सिंह, सुखलाल चौधरी, पुष्पराज सिंह, अरुणेश कुमार मिश्र तथा ऑपरेटर–धर्मेंद्र सिंह पटेल, सौरभ सिंह, अनिल कुमार, रमेश कुमार एवं सतीश कुमार को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांग मतदाता लालचंद्र वर्मा एवं अजय प्रजापति तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता कासेदून निशा एवं राम आसरे को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित पाल ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेशभर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी, निष्पक्ष, त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाना है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए रैम्प, ब्रेल लिपि, व्हीलचेयर सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं तथा समय-समय पर प्राप्त सुझावों के आधार पर व्यवस्थाओं में सुधार किया जाता है।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी एस.पी. वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया राजकीय इंटर कॉलेज उन्नाव में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। राजकीय इंटर कॉलेज उन्नाव के परिसर में शुक्रवार को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड़ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मतदाता जागरूकता को लेकर चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, पोस्टर एवं पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने स्वयं पतंग उड़ाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिताओं में बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर, रंगोली और चित्रकला का अवलोकन कर उनकी सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को एक श्रेष्ठ मतदाता बनना चाहिए, क्योंकि एक वोट सरकार बदलने की क्षमता रखता है। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी नागरिकों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड़ ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करना एक जागरूक मतदाता का कर्तव्य है। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्र, मृतक अथवा स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम हटाने पर जोर दिया, ताकि मतदाता सूची निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनी रहे। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव ने कहा कि सार्वभौमिक मतदान का अधिकार भारत की सबसे बड़ी ताकत है। वोट के मामले में सभी नागरिक समान हैं, चाहे वह राष्ट्रपति हों या किसान-मजदूर। एक वोट देश की दिशा बदल सकता है। कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पांच नए मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों के बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

सम्मानित अधिकारियों में शिवेंद्र कुमार वर्मा (एसडीएम सफीपुर), प्रमेश श्रीवास्तव (एसडीएम पूर्वा), अविनाश चौधरी (तहसीलदार हसनगंज), यशवंत सिंह (नायब तहसीलदार उन्नाव), अनुपमा सेंगर (नायब तहसीलदार सिकंदरपुर कर्ण) सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों एवं शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पांडेय सहित अनेक अधिकारी, शिक्षकगण एवं विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह प्लैटिनम प्रशंसा चिन्ह से होंगे सम्मानित

- कानून व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान के लिए डीजीपी उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। गणतंत्र दिवस 2026 के पावन अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद उन्नाव के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह को कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं प्रभावी अपराध नियंत्रण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शौर्य के आधार पर प्लैटिनम प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस विभाग सूत्रों के अनुसार, जय प्रकाश सिंह को इससे पूर्व गुरुवार, 01 जनवरी 2026 को सीनियर सेलेक्शन ग्रेड पे पर प्रोन्नति प्रदान की गई थी। उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के दौरान उन्हें विभिन्न स्तरों पर कई प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि रविवार, 26 जनवरी 2020 को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा उन्हें रजत प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया था। इसके बाद शनिवार, 15 अगस्त 2020 को महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार द्वारा सराहनीय सेवा मेडल तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त रविवार, 15 अगस्त 2021 को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा उन्हें स्वर्ण प्रशंसा चिन्ह एवं मंगलवार, 25 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था।

पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जय प्रकाश सिंह की कार्यशैली और समर्पण की प्रशंसा करते हुए बताते हैं कि उनके नेतृत्व में जनपद उन्नाव में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# गणतंत्र दिवस पर एसपी को स्वर्ण प्रशंसा चिन्ह से किया जाएगा सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- 4 माह के अल्प कार्यकाल में किये हैं बड़े खुलासे
- एसपी के कुशल नेतृत्व में जिले की पुलिस महकमे में बढ़ी है साख

कानपुर देहात की एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय को 4 माह के अंदर जिले में बेहतर कार्य करने के लिए डीजीपी ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें डीजीपी के गोल्ड पदक से सम्मानित किया जाएगा। वही सीओ सदर सहित तीन पुलिस कर्मियों के नाम भी बेहतर कार्य के लिए डीजीपी सम्मान दिया जाएगा। उत्कृष्ट कार्यों को लेकर शासन द्वारा जिले की पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, क्षेत्राधिकारी सदर संजय सिंह, बरौर थाना प्रभारी अमिता वर्मा, महिला आरक्षी मनीषा सोनकर को पुलिस महानिदेशक प्रसंशा चिन्ह से सम्मानित किया जाना है। उक्त सभी को रजत मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। मूलतः महाराष्ट्र की निवासी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय कानपुर देहात से पहले पीएसी अलीगढ़ में रह चुकी हैं। जिले में जब वह 2 सितंबर को आई तो अपराध तेजी से बढ़ा हुआ था। श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने अपराध पर लगाम लगाने के साथ ही पुराने मामलों का पर्दाफाश कराया। साथ ही पुराने विवेचनाओं के निस्तारण किए गए। जबकि जनपद में बड़े खुलासे किए। एसपी के बेहतर कार्य पर डीजीपी राजीव कृष्णा ने गोल्ड पदक देने के लिए उन्हें चयनित किया है। यह पुरस्कार गणतंत्र दिवस पर उन्हें मिलेगा। श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों के खुलासों को लेकर कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। जिले की कुछ घटनाएं का तो पुलिस ने 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया। शिवली में दलित बेटी की नृसंश हत्या जिले वासियों में खासी चर्चा का विषय रही। घटना को लेकर विपक्षी दल भी सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे थे। इससे पहले ही पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में टीम ने सूझबूझ के चलते कुछ घंटों बाद ही आरोपित को हिरासत में ले लिया गया। जिससे पूछताछ करने के बाद घटना स्थल से मिले अन्य साक्ष्यों से मिलान कर घटना का खुलासा कर दिया गया। जिसे लेकर मुख्यमंत्री व डीजीपी द्वारा पुलिस की प्रशंसा की गई।

## सीएमओ ने सीएचसी फूलबेहड़ व पीएचसी का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की परखी हकीकत

लखीमपुर खीरी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संतोष गुप्ता द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेतारपुर सहित पीएचसी पतरासी का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान सीएचसी फूलबेहड़ के अधीक्षक डॉ. मुनीश वर्मा उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के समय सीएमओ ने सीएचसी फूलबेहड़ की इमरजेंसी सेवाओं का विशेष रूप से जायजा लिया। इमरजेंसी कक्ष में उपलब्ध बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, इमरजेंसी दवाएं, स्ट्रेचर, मॉनिटरिंग उपकरण, नेबुलाइजर एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की स्थिति देखी गई। मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। मेले में ओपीडी सेवाएं, दवा वितरण, जांच सुविधाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श तथा आयुष्मान भारत योजना से संबंधित काउंटरों की समीक्षा की गई।

# सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज में उमड़ा जनसैलाब

## पूर्व सांसद ने दिया एकता का संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




अज़ान खीरी। कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक चेतना के साथ-साथ ज्ञान और विज्ञान से ही समाज और देश का विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि खिचड़ी भोज एवं सामाजिक कार्यक्रमों का उद्देश्य ही सभी वर्गों के बीच भेदभाव को मिटाकर एकता, प्रेम, सद्भाव और समानता का संदेश देना है। जिससे शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग का भी उत्थान हो सके और उनका एक दूसरे पर परस्पर विश्वास कायम हो सके। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर नंदलाल पटेल ने कहा कि ज्ञान और विज्ञान की जानकारी से ही हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश को आगे ले जाया जा सकता है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में सत्यराम राम वर्मा उर्फ लल्लन, सुरजन लाल वर्मा, अध्यक्ष राजीव पटेल, सभासद नानक चंद वर्मा, पटेल अशोक कनौजिया, भेखराम वर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, मूलचंद वर्मा, अमरीश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा एडवोकेट, कौशल किशोर वर्मा आदि शामिल थे। इस मौके पर भाजपा नेता विनोद वर्मा, आशिकर वर्मा, दीपू वर्मा, मंत्री अंकुर वर्मा, सत्यपाल वर्मा, संजीव वर्मा, रामनरेश वर्मा, संजील वर्मा, आशिकर वर्मा, प्रमोद वर्मा एडवोकेट, पंकज वर्मा एडवोकेट, शिक्षक नरेंद्र वर्मा, सद्गुरु शरण फलाहारी, पारस वर्मा, सतीश वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, संदीप वर्मा, सुमेश वर्मा पत्रकार, सभासद हरिओम वर्मा, अजय वर्मा, डॉ आलोक वर्मा, डॉ रामशरन वर्मा के अलावा मोहम्मदी कसता मितौली, लखीमपुर के पटेल संस्थान के लोग मौजूद रहे।

## ओबरलोड गन्ना भरी ट्राली पलटी तीन लोग घायल दो रेफर

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली गोला क्षेत्र के खुटार रोड स्थित फूल बाबा आश्रम के पास बड़ी दुर्घटना घटती हो गई चीनी मिल की तरफ जा रही गन्ने से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रक को साइड देने पर अनियंत्रित होने के कारण सड़क किनारे अंडे के ठेले पर पलट गई। जिसमें घटना में ट्रॉली के नीचे दबकर तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। स्थानीय लोगो ने गोला पुलिस को किया सूचित।सूचना मिलते ही तत्काल कोतवाली गोला पुलिस, दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस की देखरेख में जेसीबी मशीन की सहायता से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रॉली के नीचे दबे सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।आनन फानन में एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी गोला भेजा गया घटना 6:30 बजे शाम की है।

## गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जनपद-वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ


26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त शिक्षक, अभिभावक व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाए



कमलाकान्त तिवारी

अध्यक्ष

जूनियर शिक्षक संघ, ब्लाक इकाई भरावन, जनपद-हरदोई

26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त शिक्षक, अभिभावक व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मरकरी कान्वेंट पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, बावन चुंगी, जनपद-हरदोई



संरक्षक — राघवेन्द्र शर्मा

प्रबंधक — आर0एस0 शर्मा

प्रिंसिपल — सुधीर श्रीवास्तव

26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी ग्राम, कस्बा व जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ




प्रमोद सिंह

समाजसेवी, 161 विधान सभा क्षेत्र सण्डीला

विश्वनाथ सिंह महाविद्यालय नेवादा

अजय ब्रिक फील्ड, अनन्त ब्रिक फील्ड, अखण्ड ब्रिक फील्ड, अनन्त इण्टरनेशनल कोल्ड स्टोरेज, दखिलौल नेवादा, जनपद-हरदोई।

26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त शिक्षक, अभिभावक व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाए



संजीव कुमार पाण्डेय

अध्यक्ष

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, भरावन इकाई

शिक्षक हितों में सदैव

26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कस्बा व जनपद-वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ



सर्वेन्द्र गुप्ता

सदस्य जिला पंचायत

जनपद-हरदोई


# प्रत्येक निर्वाचन में अपने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान अवश्य करें: अनुनय झा

■ देश में मतदान करने का अधिकार हर मतदाता को है: जिलाधिकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर से आहूत मतदाता जागरूकता रैली को मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, रैली कलेक्टेव्र्ट से प्रारम्भ होकर सोलजर बोर्ड चौराहा, सिनेमा चौराहा होते हुए आई0टी0 आई0 कालेज परिसर में समाप्त हुई।

आईटीआई परिसर में 16वें मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुनय झा ने दीप प्रज्जवलित कर किया तथा उपस्थित जनसमूह को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें, इस शपथ को सभी उपस्थित लोगों ने दोहराया। जिलाधिकारी ने कहा कि देश में मतदान करने का अधिकार हर मतदाता को है इसलिए देश को नई दिशा देने, सशक्त बनाने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने हेतु प्रत्येक निर्वाचन में अपने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर, दिव्यांगजनो, गणमान्य व्यक्तियों को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लखनऊ से आये सांस्कृतिक दल ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसकी सभी ताली बजाकर प्रशंसा की। रैली एवं कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव, पूनम भारस्कर, कृषि उप निदेशक सतीश कुमार पाण्डे, अर्थ एवं संख्याधिकारी राम प्रकाश वर्मा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा, बीएलओ, सुपरवाइजर, गणमान्य व्यक्ति एवं भारी संख्या में एनसीसी, स्काउट के छात्रों सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## स्मृति स्थल का हुआ अनावरण



**कोथावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अमर शहीद सार्जेंट कामेंद्र सिंह सिकरवार (भारतीय वायुसेना), पुत्र श्यामप्रकाश सिंह, मूल निवासी ग्राम जरौवा, बेनीगंज एवं वर्तमान निवासी प्रगतिनगर, हरदोई की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेना के कई जवान, शहीद के माता-पिता, भाई, धर्मपत्नी, सुपुत्रगण तथा सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बेनीगंज पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। अमर शहीद कामेंद्र सिंह सिकरवार का जन्म 12 जनवरी 1986 को एक साधारण परिवार में हुआ। उन्होंने हरदोई के आर०आर० इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट एवं महिपाल सिंह पी०जी० कॉलेज से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। 2 जनवरी 2008 को वे भारतीय वायुसेना में भर्ती हुए। अपने सेवाकाल में उन्होंने बेंगलुरु, भुज (गुजरात), श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) तथा आगरा में देश सेवा की। भटिंडा (पंजाब) में तैनाती के दौरान राष्ट्र सेवा करते हुए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया और 16 मई 2024 को वीरगति को प्राप्त हुए। 38 वर्ष के जीवन एवं 16 वर्ष 4 माह के सेवाकाल में उन्होंने न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे समाज का गौरव बढ़ाया। 25 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर ग्राम जरौवा में उनकी प्रतिमा का अनावरण 7 कुमायूं रेजीमेंट की सैन्य टुकड़ी एवं हरदोई पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। शहीद की वीरांगना धर्मपत्नी सोनी सिंह तथा उनके सुपुत्र सानिध्य सिंह (10) एवं अद्वैत सिंह (06) ने नम आंखों से प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पमालाएं अर्पित कीं एवं श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक कर्नल आदित्य प्रताप सिंह, 7 कुमायूं रेजीमेंट के सूबेदार महिपाल, शहीद के भाई एवं पूर्व सैनिक रामेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार अग्निहोत्री, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रांत सचिव राहुल सिंह सहित हरदोई जनपद के अनेक पूर्व सैनिकए सैकड़ों महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहीद के बलिदान को नमन करते हुए सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।


26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त शिक्षक, अभिभावक व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाए



सत्य पाल सिंह

प्रधानाध्यापक

ब्लाक पी.टी.आई. भरावन/ नोडल संकुल शिक्षक

नूतन वर्ष 2026 के पावन अवसर पर जनपद-वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ





डॉ0 अजय अस्थाना

एम.बी.बी.एस.

डॉ0 नम्रता अस्थाना

बर्न एंड प्लास्टिक सर्जन, हरदोई नर्सिंग होम

संचालक-हरदोई नर्सिंग होम

26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी ग्राम, कस्बा व जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ



कृष्ण कुमार त्रिपाठी
खण्ड शिक्षा अधिकारी



प्रकाश दुबे

नोडल संकुल शिक्षक भरावन, हरदोई


## समाजसेवी ने कराया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकास खण्ड की ग्रामपंचायत नेवादा गब्भी मे समाजसेवी अखिल दीक्षित (शानू) व विजयशंकर त्रिपाठी ने उपचार द मल्टीस्पेसलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारम्भ माधौगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने फीता काटकर किया इस मौके पर श्री मिश्र ने कहा इस तरह के आयोजन समाज के लिए बहुत ही लाभप्रद है क्योंकि इसमे आयोजक की समाजसेवा के साथ ही ग्रामीण जनमानस को घर बैठे ही स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ मिलता है।और उनकी समस्याओ का निदान होता है। शिविर मे 110 लोगो का रजिस्ट्रेशन हुआ जिनका डाक्टर विनय मिश्रा एम.बी.बी.एस. जनरल फिजिशियन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर सम्पूर्ण परामर्श दिया गया उनकी टीम द्वारा नि:शुल्क दवाये दी गयी एवं जाँचे की गयी। इस अवसर पर अखिल दीक्षित (शानू), सुधांशु दीक्षित, राजा गुप्ता, सोनू गुप्ता, श्यामू त्रिपाठी, अभिषेक, शिवम, प्रमोद, आशीष, अरुण, सुनील, संतोष, करन, दीपेन्द्र, मनोज आदि लोगो मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक ने आत्महत्या की

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर गंगादास गांव के पास शनिवार की रात लगभग 11:00 बजे एक युवक का शव मिला है । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। शाहाबाद कोतवाली के काशीराम कॉलोनी निवासी चंदन वर्मा उर्फशिवम 24 वर्ष पुत्र मनोज वर्मा शनिवार को शाम से लापता हो गया। 11:00 बजे उसकी ट्रेन एक्सीडेंट की खबर घर पहुंची उसकी मां ने मौके पर पहुंच कर शिनाख्त की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार को शाम 4:00 बजे चंदन वर्मा का नर्मदा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला मान रही है। परिजनों की ओर से अभी कोई भी तहरीर नहीं दी गई।

## साइकिल निशान यात्रा का स्वागत किया गया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर क्षेत्र में रविवार को दोपहर 2:00 बजे अल्लाहपुर तिराहा पर कुशीनगर से गाजियाबाद तक साइकिल निशान यात्रा लेकर जा रहे स्टार प्रचारक कन्हैया लाल निषाद का समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कन्हैया लाल निषाद के पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के चांद मियां, अवनीश राजपूत, हेमंत राव, रिंकू राठौर, सलीम बेग, आशीष मौर्य आदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उन्हें लाद दिया और अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी जिंदाबाद के नारों से पूरे वातावरण को गूंजायमान कर दिया। इस मौके पर कन्हैयालाल निषाद ने कहा वह 2022 से लगातार साइकिल यात्रा के माध्यम से पार्टी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं । इस बार साइकिल निशान यात्रा कुशीनगर से गाजियाबाद तक के लिए की जा रही है। साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगों को समाजवादी पार्टी के प्रति वोट करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## विवाहिता ने पति सहित पांच ससुराली जनों पर केस दर्ज कराया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आरती पुत्री राजपाल निवासी ग्राम सिकंदरपुर कल्लू नगरा थाना शाहाबाद के अनुसार 4 साल पूर्व उसका विवाह थाना क्षेत्र के ग्राम गहोरा में जितेंद्र पुत्र मधुर पाल के साथ हुआ था। जिसमें उसके पिता ने हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया। परंतु पति जितेंद्र, ससुर मधुर पाल, सास माधुरी, जेठ राज, जेठानी रिंकी दहेज में एक मोटरसाइकिल और रूपये 50000 नकदी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को बताया आरोपी ससुराली जनों के खिलाफविवाहिता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।


कार्यालय नगर पालिका परिषद शाहाबाद, जनपद-हरदोई

समस्त नागरिकों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं

"स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 स्वच्छता की नई पहल, बढ़ाये हाथ करें सफाई साथ-साथ"



1. नगर आपका है इसे स्वक्ष रखने में सहयोग करें।
2. जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न करें।
3. अपने परिवार में हुए जन्म.मृत्यु का पंजीकरण समय से कराएं।
4. सड़कों पर अतिक्रमण न करें।
5. कूड़ा करकट कूड़ेदान में ही डाले
6. वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वक्ष बनाने में अपना सहयोग करें।
7. पालीथिन का प्रयोग न करें।
8. नदियों को स्वक्ष रखने में अपना सहयोग करें।
9. खुले में शौच न जाये।
10. सार्वजनिक स्थानों को स्वक्ष रखने में अपना सहयोग करें।
11. गौवंशों को आवारा न छोड़े।
12. 03 वर्ष के अंदर सेप्टिक टैंक सफाई अवश्य कराये एवं केवल पंजीकृत आपरेटर से ही सफाई करावे।



(कृष्ण कुमार सोनकर)

अधिशासी अधिकारी


नगर पालिका परिषद शाहाबाद (हरदोई)

(नसरीन बानो)

अध्यक्ष

नगर पालिका परिषद शाहाबाद (हरदोई)

26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कस्बा व जनपद-वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ



राजीव गुप्ता

खण्ड विकास अधिकारी

विकास खण्ड-भरावन, जनपद-हरदोई

26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कस्बा व जनपद-वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ



देवेन्द्र सिंह — प्रधान पति

पूनम सिंह — प्रधान

ग्राम पंचायत-लोकवापुर

विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद-हरदोई



26 जनवरी, 2026 गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त शिक्षक, अभिभावक व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाए

राजवत आई.टी.आई. इकनौरा हरपालपुर, जनपद-हरदोई

प्रबंधक — गौरव मिश्रा (मिन्टू)

# आंध्र ने मौजूदा चैंपियन विदर्भ को हराकर हासिल किया शीर्ष स्थान

एजेंसी

अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)। आंध्र ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी मैच में मौजूदा चैंपियन विदर्भ पर आठ विकेट से शानदार जीत हासिल कर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। आंध्र ने 259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुबह एक विकेट पर 93 रन से पारी आगे बढ़ाई और शेख रशीद के शानदार नाबाद शतक से 56.1 ओवर में इसे हासिल कर लिया।



रशीद ने 144 गेंद में नाबाद 132 रन बनाए और कप्तान रिकी भुई (92 गेंद में नाबाद 64 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी की जिसने चौथे और अंतिम दिन मैच का नतीजा आंध्र के पक्ष में पक्का कर दिया। तीसरे दिन स्टंप तक रशीद 50 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। पहली पारी के शीर्ष स्कोरर अभिषेक रेड्डी के जल्दी आउट होने के बाद रशीद को विकेटकीपर श्रीकर भरत के रूप में अच्छा साथी मिला और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 99 रन जोड़कर लक्ष्य का पीछा करने की नींव रखी।

विदर्भ के लिए नचिकेत भुते (83 रन देकर दो विकेट) एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने आंध्र की दूसरी पारी में विकेट लिए। यह नतीजा आंध्र की शानदार वापसी भी दिखाता है क्योंकि वह विदर्भ के 295 रन के जवाब में 228 रन पर ऑल आउट होने से पहली पारी में 67 रन से पीछे हो गई थी।आंध्र के अब 29 अंक हो गए हैं जिससे उसने तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके बाद विदर्भ और झारखंड मौजूद हैं जिससे नॉकआउट क्वालिफिकेशन के लिए कड़ी टक्कर होगी। वहीं लखनऊ में मेहमान झारखंड ने उत्तर प्रदेश को पारी और 301 रन से करारी शिकस्त दी। झारखंड ने घरेलू टीम को दूसरी पारी में महज 84 रन पर ऑल आउट कर दिया। सौरभ शेखर झारखंड के लिए मुख्य गेंदबाज थे जिन्होंने 16 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि जतिन पांडे और साहिल राज को दो-दो विकेट मिले। भुवनेश्वर में तमिलनाडु ने ओडिशा को 207 रन से शिकस्त दी। दो पारियों में 286 और 316 रन बनाने वाली तमिलनाडु ने ओडिशा को दो पारियों में 148 और 247 रन पर समेट दिया।

# पाकिस्तान ने टी-२० विश्व कप के लिए टीम घोषित की, कप्तान होंगे सलमान

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने जा रहे आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए पाकिस्तान ने अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी सलमान अली आगा करेंगे।

पाकिस्तान टीम की घोषणा रविवार सुबह लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर और पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद, कप्तान सलमान अली आगा और सफ़ेद गेंद क्रिकेट के हेड कोच माइकल हेसन ने की। टीम में कप्तान सलमान अली आगा समेत फहीम अशरफ, ख्वाजा नफ़े, मोहम्मद सलमान मिर्ज़ा, साहिबजादा फरहान और उस्मान तारिक को पहली बार



किसी बड़े आईसीसी इवेंट के लिए चुना गया है। अबरार अहमद, बाबर आजम, फखर जमान, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, साइम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान और उस्मान खान 2021 से टूर्नामेंट के कम से कम एक या अधिक संस्करणों में खेल चुके हैं।

खराब फार्म से गुजर रहे बाबर आजम टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे। उनके साथ शाहीन शाह आफरीदी, शादाब खान, फखर जमान, नसीम शाह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। टीम में तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और मोहम्मद रिजवान को शामिल नहीं किया गया है। पाकिस्तानी टीम को टूर्नामेंट के लिए ग्रुप-ए में रखा गया है, जिसमें उसके साथ मौजूदा चैंपियन भारत, नीदरलैंड, अमेरिका और नामीबिया हैं। टूर्नामेंट 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलेगा।

# आरसीबी की टॉप पर धमक, एमआई का 'प्लेऑफ बचाओ' मिशन!

एजेंसी

वडोदरा। लगातार पांच मैच में जीत हासिल करने के बाद पिछले मैच में हार झेलने के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। आरसीबी को शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा था। इससे उसका विजय अभियान थम गया जिससे इस बात का पता चलता है कि टूर्नामेंट के लीग चरण के आखिर में परिस्थितियां तेजी से बदल सकती हैं। इस हार के बावजूद आरसीबी की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। उसने अभी तक प्रत्येक विभाग में निरंतरता दिखाई है और वह पिछली पराजय को भूलकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस को अगर प्लेऑफ में जगह बनानी है तो उसे जल्द से जल्द वापसी करनी पड़ेगी। मौजूदा चैंपियन टीम लगातार तीन मैच हार चुकी है, जिससे



उसका अभियान रुक गया है और प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें खतरे में पड़ गई हैं। लीग में शीर्ष पर चल रही टीम के खिलाफ जीत से न केवल उसका अभियान वापस पटरी पर लौटेगा बल्कि इससे उसका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। मुंबई के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है। यहां मुकाबला दो ऐसी टीमों के बीच है जिनकी स्थिति इस समय बिल्कुल अलग है। एक टीम अपना दबदबा फिर से कायम करना चाहती है, जबकि दूसरी टीम मुकाबले में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। ऐसे में यह मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। हाल के मैचों में वडोदरा की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हुई है, जिससे समझदारी से शॉट का चयन करना बेहद जरूरी हो गया है।

# फर्रुखाबाद इलेवन ने शिवा क्रिकेट क्लब कानपुर को 49 रनों से हराया

- स्व. पंडित ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच संपन्न
- जबरदस्त मुकाबले के बाद क्वार्टर फाइनल मैच जीतकर फर्रुखाबाद इलेवन ने बनाई सेमी फाइनल में जगह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





कन्नौज। शहर स्थित के के इंटर कालेज के बोर्डिंग ग्राउंड में खेले जा रहे हैं स्वर्गीय ओमप्रकाश पाठक स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला शिवा क्रिकेट क्लब कानपुर और फर्रुखाबाद इलेवन के बीच में खेला गया। आज का टॉस एफ.एफ.डी.सी. के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ एस वी शुक्ला द्वारा कराया गया। फर्रुखाबाद इलेवन के कप्तान सोनू ठाकुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और उनकी टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 148 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाय। कानपुर के गेंदबाजों में मोहम्मद सारिम ने चार विकेट और अभिषेक गौतम ने दो विकेट लिए, जबकि जीवन अंसारी एक विकेट लेने में सफल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवा क्रिकेट क्लब कानपुर की टीम शुरुआत से ही बल्लेबाजी में लड़खड़ा गई और 18.4 ओवर में मात्र 99 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फर्रुखाबाद इलेवन के गेंदबाजों में सूरज ने दो विकेट, अब्दुल्ला ने दो विकेट, पवन सिंह ने दो विकेट लिए जबकि आलीशान और अंकित एक-एक विकेट लेने में सफल रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रतिष्ठित उद्योगपति कमल महरोत्रा द्वारा पवन सिंह को प्रदान किया गया। मैच की अंपायरिंग रितेश शर्मा और रोहित सिंह द्वारा की गई जबकि स्कोरिंग आकाश मिश्रा ने की। इस दौरान कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजय सामवेदी, अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, अब्दुल मालिक, समीर पाठक, ममतेश तिवारी, आनंद मिश्रा, अब्दुला फारूखी, सजल सिंह, अमित अग्निहोत्री, पारस दुबे के अलावा सैकड़ों दर्शक बोर्डिंग मैदान पर मौजूद रहे।

## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ

# टॉप 10 में शामिल 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.51 लाख करोड़ की गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के दौरान वैश्विक दबाव के कारण बीएसई की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से नौ के मार्केट कैप में 2.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 कंपनियों में से सिर्फ एक कंपनी के मार्केट कैप में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और लार्सन एंड टूब्रो के मार्केट कैप में 2,51,711.60 करोड़ रुपये की कमी हो गई। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 12,311.86 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।19 से 23 जनवरी 2026 के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 96,960.17 करोड़ रुपये फिसल कर 18,75,533.04 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 48,644.99 करोड़ रुपये लुढ़क कर 9,60,825.29 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 22,923.02 करोड़ रुपये घट कर 14,09,611.89 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 17,533.97 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 11,32,010.46 करोड़ रुपये के स्तर पर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 16,588.93 करोड़ रुपये घट कर 11,43,623.19 करोड़ रुपये के स्तर पर, लार्सन एंड टूब्रो का मार्केट कैप 15,248.32 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,15,161.91 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 14,093.93 करोड़ रुपये कम होकर 5,77,353.23 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मार्केट कैप 11,907.50 करोड़ रुपये फिसल कर 9,50,199.77 करोड़ रुपये के स्तर पर और इंफोसिस का मार्केट कैप 7,810.77 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 6,94,078.82 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

दूसरी ओर, पूरे सप्ताह शेयर बाजार की कमजोरी और वैश्विक दबाव के बावजूद हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर अपनी मजबूती बनाए रखने में सफल रहे। इस सप्ताह के कारोबार के बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 12,311.86 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 5,66,733.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,75,533.04 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रही।

## भारत-यूरोपीय संघ 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता पूरी होने की करेंगे घोषणा

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता संपन्न होने और इसे अंतिम रूप देने की घोषणा करने के लिए तैयार हैं। एक अधिकारी के अनुसार, इस समझौते का उद्देश्य अमेरिकी शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में जारी व्यवधानों के बीच दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। 18 साल के लंबे इंतजार के बाद यह समझौता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। इसकी वार्ता वर्ष 2007 में शुरू हुई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौता ''मदर ऑफ ऑल डील्स'' करार दिया है। अधिकारी ने बताया कि वार्ता के समापन की घोषणा यहां आयोजित होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान की जाएगी।यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 24 जनवरी को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंच चुकी हैं।

# रुपये की कमजोरी से आयात, विदेशी शिक्षा और यात्रा प्रभावित, निर्यातकों को लाभ

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को 92 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ ही कच्चे तेल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान तक देश का आयात, विदेशी शिक्षा और विदेश यात्रा महंगी होने की आशंका है। इस वजह से महंगाई भी बढ़ सकती है, हालांकि इससे निर्यातकों को कुछ राहत मिलने का अनुमान है। रुपये में इस महीने अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 202 पैसे या दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। वर्ष 2025 में विदेशी कोषों की लगातार निकासी और डॉलर की मजबूती के कारण इसमें पांच प्रतिशत की गिरावट आई थी। गिरते रुपये का तात्कालिक प्रभाव आयातकों पर पड़ता है, जिन्हें समान मात्रा के लिए अधिक भुगतान करना होगा। लगातार कमजोर होते रुपये का खर्च पर इस तरह असर पड़ने का अनुमान है:- आयातः



भारतीय आयात में कच्चा तेल, कोयला, प्लास्टिक सामग्री, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वनस्पति तेल, उर्वरक, मशीनरी, सोना, मोती, कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर तथा लोहा और इस्पात शामिल हैं। आयातित वस्तुओं के भुगतान के लिए आयातकों को अमेरिकी डॉलर खरीदने पड़ते हैं।

रुपये में गिरावट के साथ, वस्तुओं का आयात महंगा हो जाएगा। विदेशी शिक्षाः अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपये का मतलब है कि विदेशी शिक्षा अधिक महंगी हो जाएगी, क्योंकि छात्रों को विदेशी संस्थानों द्वारा लिए जाने वाले प्रत्येक डॉलर के लिए अधिक रुपये देने होंगे।

# सर्राफा बाजार में 1.60 लाख के पार पहुंचा सोना, चांदी की घटी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना एक बार फिर नई ऊंचाई पर पहुंचा हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है। सोना आज 2,840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में इस चमकीली धातु की कीमत 1.60 लाख रुपये के स्तर से ऊपर पहुंच गई है। सोना के विपरीत चांदी आज के कारोबार में 5,100 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गया है। सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,60,260 रुपये से लेकर 1,60,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,46,900 रुपये से लेकर 1,47,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसके विपरीत चांदी की कीमत में गिरावट आने



के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु 3,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है।

साप्ताहिक आधार पर देखें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में बंपर तेजी दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 16,480 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,967.41 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ है। चांदी के भाव में भी आज की गिरावट के बावजूद पूरे सप्ताह की कारोबार में 40 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। लंदन सिल्वर मार्केट में चांदी का हाजिर भाव 100 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंचने के बाद ये चमकीली धातु फिलहाल 99.46 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर कारोबार कर रही है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,60,410 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,47,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,60,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,60,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,60,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,60,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,60,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,47,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,60,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,60,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में जोरदार तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,60,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

